भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या –1508
दिनांक 12.02.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

कुशल कार्यबल का विदेशों की ओर पलायन

1508. श्री रामजी लाल सुमन

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि भारत के उच्च शिक्षित, कुशल और पेशेवर कार्यबल का विदेशों की ओर प्रवासन बढ़ा है;
(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान विदेशों में बसने वाले ऐसे भारतीयों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) रचनात्मक और कुशल कार्यबल के प्रवासन के कारण क्या हैं और क्या इससे देश में नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क से ग) भारत ऐतिहासिक रूप से अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों का एक बड़ा स्रोत रहा है और 2024-25 तक की स्थिति के अनुसार अनुमानित 35 मिलियन भारतीय और भारतीय मूल के लोग विदेशों में निवास करते हैं। प्रवासन में वृद्धि एक ऐसी प्रवृत्ति है जो 1990 के दशक में शुरू हुई थी और आज तक जारी है। प्रवासन के कारण बने आर्थिक संबंधों ने अनेक देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत किया है, जिससे व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग को प्रोत्साहन मिला है। आर्थिक योगदान के अलावा, भारतीय प्रवासी भारत की सॉफ्ट पावर को भी वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देते हैं। चक्रीय गतिशीलता के भाग के रूप में, विदेश में काम करने के बाद भारत लौटने वाले भारतीय नागरिक, भारत में नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने में भी मदद करते हैं।

भारतीयों की वैश्विक कार्यबल में अधिक भागीदारी हमारे देश के लिए लाभकारी रही है। भारत ने अनेक देशों के साथ प्रवासन और आवाजाही साझेदारी करार/एमओयू (एमएमपीए) या श्रमिक आवाजाही करार /एमओयू (एलएमए) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें खाड़ी के देश, यूरोपीय संघ, रूस, यूके, इटली, डेनमार्क, ऑस्ट्रिया, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, फ्रांस, इज़राइल, पुर्तगाल, मलेशिया, मॉरीशस आदि शामिल हैं, जहाँ प्रवासी भारतीयों की बड़ी आबादी रहती है। एमएमपीए का उद्देश्य भारत की जनसांख्यिकीय लाभांश का उपयोग करना और हमारे व्यवसायियों, पेशेवरों, छात्रों और शिक्षाविदों के लिए गतिशीलता को बढ़ावा देना है।

2015 में शुरू किया गया ई-माईग्रेट एक व्यापक ई-गवर्नेंस पोर्टल है जिसे अधिसूचित 19 देशों में रोजगार के उद्देश्य से प्रवास करने वाले उत्प्रवासन जांच अपेक्षित (ईसीआर) श्रेणी के भारतीय प्रवासी कामगारों के लिए सुरक्षित और वैध प्रवास को सुकर बनाने के लिए विकसित किया गया है। ई- माईग्रेट (संस्करण 2.0) को 14 अक्टूबर, 2024 में शुरू किया गया था। उत्प्रवासन जांच अपेक्षित नहीं (ईसीएनआर) पासपोर्ट धारकों को उत्प्रवासी संरक्षक (पीओई) द्वारा अनिवार्य उत्प्रवासन जांच से छूट दी गई है। तथापि, 19 नामित ईसीआर देशों में रोजगार के लिए यात्रा करने वाले ईसीएनआर पासपोर्ट धारक स्वेच्छा से ई- माईग्रेट पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं।

जबकि ई-माइग्रेट पोर्टल ईसीआर देशों को जाने वाले ईसीआर श्रेणी के कामगारों के डाटा को कैप्चर करता है, ईसीएनआर श्रेणी के भारतीय नागरिकों के लिए ठोस डाटा उपलब्ध नहीं है। तथापि, विदेशों में भारतीय प्रवासियों और जारी की गई उत्प्रवासन अनापत्ति की संख्या से संबंधित आंकड़ें क्रमशः **अनुबंध 'क'** और **अनुबंध 'ख'** में संलग्न हैं।

अनुबंध 'क'

विदेशों में भारतीय प्रवासियों के संबंध में आकंडे

(जनवरी 2025 तक)

क्र.सं.	देश/क्षेत्र	भारतीय मूल के व्यक्ति	एनआरआई	कुल प्रवासी भारतीय
1	अफ़ग़ानिस्तान	158	0	158
2	अल्बानिया	7	450	457
3	अल्जीरिया	27	4024	4051
4	एंडोरा	200	50	250
5	अंगोला	59	71	130
6	एंटिगुआ और बारबुडा	200	300	500
7	अर्जेंटीना	1800	800	2600
8	आर्मेनिया	19	5430	5449
9	अरूबा	400	600	1000
10	ऑस्ट्रेलिया	626000	350000	976000
11	ऑस्ट्रिया	18500	14400	32900
12	अजरबैजान	83	672	755
13	बहामा	20	280	300
14	बहरीन	4506	342350	346856
15	बांग्लादेश	10	7000	7010
16	बारबाडोस	2500	600	3100
17	बेलारूस	150	1266	1416
18	बेल्जियम	13204	23343	36547
19	बेलीज़	1300	200	1500
20	बेनिन	4	996	1000
21	भूटान	0	60000	60,000
22	बोलीविया	15	47	62
23	बोनेयर और लघु द्वीप	12	54	66
24	बोस्निया और हर्जेगोविना	7	20	27
25	बोत्सवाना	3000	9500	12500
26	ब्राज़ील	863	2460	3323
27	ब्रिटिश वर्जिन द्वीपसमूह	20	80	100
28	ब्रूनई दारएस्सलाम	240	14500	14740
29	बुल्गारिया	1077	949	2026
30	बुर्किना फासो	350	150	500
31	बुस्न्दी	35	700	735
32	कंबोडिया	100	4400	4500
33	कैमरून	0	1500	1500

34	कनाडा	1859680	1751610	3611290
35	केप वर्डे	1	39	40
36	केमन द्वीपसमूह	100	900	1000
37	मध्य अफ़्रीकी गणराज्य	0	70	70
38	चाड़	0	250	250
39	चिली	2100	2000	4100
40	चीन	59787	43683	103470
41	कोलंबिया	252	758	1010
42	डोमिनिकाई राष्ट्रमंडल	500	40	540
43	कोमोरोस	200	20	220
44	कांगो (लोकतांत्रिक गणराज्य)	5000	30000	35000
45	कांगो गणराज्य	0	875	875
46	कुक आइलैंड्स	5	0	5
47	कोस्टा रिका	39	1011	1050
48	कोटे दी आइवरी	44	6532	6576
49	क्रोएशिया	82	17139	17221
50	क्यूबा	0	0	0
51	कुराकाओ	800	700	1500
52	साइप्रस	398	11119	11517
53	चेक रिपब्लिक	600	10124	10724
54	डेनमार्क	3499	18958	22457
55	जिबूती	8	1000	1008
56	डोमिनिकाई गणराज्य	2	75	77
57	इक्वेडोर	82	269	351
58	मिस्र	366	5134	5500
59	अल साल्वाडोर	1	20	21
60	इक्वेटोरियल गिनी	0	400	400
61	इरिट्रिया	0	140	140
62	एस्तोनिया	40	1928	1968
63	एस्वातिनी	0	3184	3184
64	इथियोपिया	105	5900	6,005
65	फिजी	313818	2290	316108
66	फिनलैंड	15989	13068	29057
67	फ्रांस	90000	29000	119000
68	फ्रांस (रीयूनियन द्वीप)	300000	159	300159
69	फ़्रांस (ग्वाडेलोप)	57000	180	57180
70	फ्रांस (मार्टिनिक)	8000	90	8090
71	फ्रांस (सेंट मार्टिन)	1800	150	1950
72	गैबॉन	10	800	810

73	गाम्बिया	20	2100	2120
74	जॉर्जिया	5	250	255
75	जर्मनी	176500	273890	450390
76	घाना	321	15000	15321
77	ग्रीस	158	11333	11491
78	ग्रेनेडा	4511	189	4700
79	ग्वाटेमाला	16	126	142
80	गिनी (गणराज्य)	51	1390	1441
81	गिनी-बिसाऊ	0	300	300
82	गुयाना	320000	2700	322700
83	हैती	0	36	36
84	होली सी	30	15	45
85	होंडुरस	277	8457	8734
86	हंगरी	2200	6800	9000
87	आइसलैंड	237	509	746
88	इंडोनेशिया	120000	14817	134817
89	ईरान	445	10320	10765
90	इराक	0	17100	17100
91	आयरलैंड	37,812	45,000	82,812
92	इज़राइल	85,000	38,000	123,000
93	इटली	डाटा उपलब्ध नहीं	170880	170880
94	जमैका	70000	5000	75000
95	जापान	1597	51345	52942
96	जॉर्डन	153	16897	17050
97	कजाखस्तान	423	1095	1518
98	केन्या	60,000	20,000	80,000
99	किरबाती	50	2	52
100	कोरिया (डीपीआर)	1	15	16
101	कोरिया (आरओके)	444	16816	17260
102	कुवैत	2,356	10,07,961	10,10,317
103	किर्गिज़स्तान	61	200	261
104	लाओस	119	600	719
105	लातविया	डाटा उपलब्ध नहीं	4766	4766
106	लेबनान	41	2000	2041
107	लेसोथो (राज्य)	1500	1500	3000
108	लाइबेरिया	2	3000	3002
109	लीबिया	0	3000	3000
110	लिकटेंस्टाइन	0	35	35
111	लिथुआनिया	डाटा उपलब्ध नहीं	7227	7227
112	लक्समबर्ग	813	4508	5321
113	मेडागास्कर	15000	2500	17500
114	मलावी	6000	9000	15000
115	मलेशिया	2750000	185000	2935000
116	मालदीव	140	30000	30140

117	माली	13	600	613
118	माल्टा	250	18000	18250
119	मार्शल द्वीप	2	7	9
120	मॉरिटानिया	0	150	150
121	मॉरीशस	871140	26357	897497
122	माइक्रोनेशिया	0	35	35
123	मेक्सिको	1500	6500	8000
124	मोलदोवा	9	950	959
125	मोनाको	43	10	53
126	मंगोलिया	11	92	103
127	मोंटेसेराट	200	15	215
128	मोरक्को	116	438	554
129	मोज़ाम्बिक	22000	3000	25000
130	म्यांमार	23	354	377
131	नामिबिया	50	450	500
132	नाउरू	0	20	20
133	नेपाल	0	700000	700000
134	नीदरलैंड	178000	55613	233613
135	न्यूज़ीलैंड	143000	157000	300000
136	निकारागुआ	1	39	40
137	नाइजर	240	10	250
138	नाइजीरिया	8	150	158
139	उत्तर मैसेडोनिया	52	43	95
140	नॉर्वे	12436	11593	24029
141	ओमान	1754	660299	662053
142	पाकिस्तान	0	0	0
143	पलाउ	0	29	29
144	फिलिस्तीन	0	7	7
145	पनामा	11000	4000	15000
146	पापुआ न्यू गिनी	74	4000	4074
147	पैराग्वे	200	400	600
148	पेरू	154	346	500
149	फिलिपींस	2570	67430	70000
150	पोलैंड	1300	30000	31300
151	पुर्तगाल	13682	90000	103682
152	कतर	डाटा उपलब्ध नहीं	8,30,491	8,30,491
153	रोमानिया	362	10797	11159
154	रूस	2742	70000	72742
155	रवांडा	5	3000	3005
156	सेंट किट्स और नेविस	100	500	600
157	सेंट लूसिया	18600	550	19150
158	सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस	6600	50	6650

159	समोआ	50	0	50
160	सैन मारिनो	0	0	0
161	साओ टोमे	0	32	32
162	सऊदी अरब	0	2747551	2747551
163	सेनेगल	5	35	40
164	सर्बिया	20	10000	10020
165	सेशल्स	5093	8245	13338
166	सियरा लिओन	30	4500	4530
167	सिंगापुर	107180	350000	457180
168	सिंट मार्टेन	3000	2170	5170
169	स्लोवाक गणराज्य	60	5940	6000
170	स्लोवेनिया	86	822	908
171	सोलोमन द्वीप समूह	0	20	20
172	सोमालिया	0	100	100
173	दक्षिण अफ्रीका	1318431	74057	1392488
174	दक्षिण सूडान	0	980	980
175	स्पेन	16635	51606	68241
176	श्रीलंका	1600000	7500	1607500
177	सूडान	55	85	140
178	सूरीनाम	187700	1350	189050
179	स्वीडन	93180	22680	115860
180	स्विट्ज़रलैंड	9400	19,200	28,600
181	सीरिया	0	39	39
182	ताइवान	408	4641	5049
183	तजाकिस्तान	0	400	400
184	तंजानिया	40,000	15,000	55,000
185	थाईलैंड	135179	30236	165415
186	तिमोर लेस्ते	डाटा उपलब्ध नहीं	डाटा उपलब्ध नहीं	डाटा उपलब्ध नहीं
187	टोगो	10	1300	1310
188	टोंगा	50	5	55
189	ट्रिनिडाड और टोबैगो	548286	1259	549545
190	ट्यूनीशिया	9	80	89
191	तुर्किये	386	3635	4021
192	तुर्कमेनिस्तान	4	105	109
193	तुर्क और कैकोस द्वीप समूह	50	200	250
194	तुवालू	20	0	20
195	युगांडा	9000	30000	39000
196	यूक्रेन	739	1952	2691
197	संयुक्त अरब अमीरात	6614	38,90,953	3897567
198	यूके	970969	369000	1339969
199	यूएसए	3775194	1918415	5693609

200	उरुग्वे	50	950	1000
201	उज़्बेकिस्तान	61	16080	16141
202	वानुअतु	15	0	15
203	वेनेज़ुएला	21	38	59
204	वियतनाम	817	7200	8017
205	यमन	420	700	1120
206	जाम्बिया	5000	25000	30000
207	ज़िम्बाब्वे	9000	1000	10000
कुल		**17181071**	**17175122**	**34356193**

अनुबंध 'ख'

2021 से 2025 तक जारी उत्प्रवासन अनापत्ति (ईसी) की संख्या

देश	2021	2022	2023	2024	2025	कुल योग
बहरीन	6382	10232	7376	8607	6827	39424
इंडोनेशिया	0	3	0	3	9	15
इराक	935	1430	1599	2761	1264	7989
जॉर्डन	2386	2487	1187	3137	2192	11389
कुवैत	10158	71432	48212	39862	47087	216751
लेबनान	54	282	200	130	36	702
मलेशिया	36	12836	15319	5606	3059	36856
ओमान	19453	31994	21336	24258	29158	126199
कतर	49579	30871	30683	23785	21907	156825
सऊदी अरब	32845	178623	200713	167598	136812	716591
दक्षिण सूडान	1	1	0	0	73	75
सूडान	0	0	0	2	0	2
थाईलैंड	1	3	4	10	0	18
संयुक्त अरब अमीरात	10844	33233	71687	111308	200686	427758
कुल योग	**132674**	**373427**	**398316**	**387067**	**449110**	**1740594**

*****